MISSION EDUCATION
OUR MOTTO

व्याकरण

क्षितिज

भाग–1

समस्त पाठों का संपूर्ण हल

PRESS Horizon
GLOBAL EDUCATION SOLUTIONS
Publishers, Printers and Exporters of High Quality Books

विषय सूची

1.	भाषा और व्याकरण	3
2.	वर्ण विचार	4
3.	स्वरों की मात्राएँ	5
4.	शब्द विचार	6
5.	संज्ञा	7
6.	लिंग	7
7.	वचन	8
8.	सर्वनाम	9
9.	विशेषण	9
10.	क्रिया	10
11.	शुद्ध वर्तनी	11
12.	पर्यायवाची शब्द	12
13.	विलोम शब्द	12
14.	मुहावरे	13
15.	पत्र एवं प्रार्थना-पत्र लेखन	14
16.	कहानी लेखन	15
17.	निबंध लेखन	15

Published by :

Horizon PRESS

GLOBAL EDUCATION SOLUTIONS

Publishers, Printers and Exporters of High Quality Books

e-mail : horizonpress.suggestion@gmail.com

© Publisher

All rights reserved. No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted in any form or by any means, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise without the prior written permission of the publisher.

1. भाषा और व्याकरण

अभ्यास

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

प्रश्न 1. भाषा की परिभाषा लिखिए।

उत्तर– भाषा वह साधन है जिसके द्‌वारा मनुष्य अपने भावों और विचारों को बोलकर या लिखकर दूसरे मनुष्यों तक पहुँचाता है।

प्रश्न 2. भाषा के कितने रूप होते हैं? उनके नाम लिखिए।

उत्तर– भाषा के दो रूप होते हैं–

1. मौखिक भाषा 2. लिखित भाषा

प्रश्न 3. मौखिक और लिखित भाषा में अन्तर बताइए।

मौखिक भाषा तथा लिखित भाषा में अन्तर–

मौखिक भाषा	लिखित भाषा
1. मौखिक भाषा मुख द्‌वारा बोली जाती है।	लिखित भाषा में लिखकर एक–दूसरे से अपनी बात कहते हैं।
2. रेडियो, टीवी तथा टेलीफोन पर मौखिक भाषा का ही प्रयोग होता है।	पत्र, पुस्तकों तथा कंप्यूटर आदि पर लिखित भाषा का ही प्रयोग होता है।
3. मौखिक भाषा को सीखना नही पड़ता है, यह धीरे–धीरे स्वयं आ जाती है।	लिखित भाषा को सीखना पड़ता है।

प्रश्न 4. व्याकरण किसे कहते हैं?

उत्तर– व्याकरण वह विद्‌या है; जिसके द्‌वारा हम भाषा को शुद्‌ध बोलना, लिखना और समझना सीखते हैं।

प्रश्न 5. व्याकरण के कितने विभाग होते हैं? उनके नाम लिखिए।

उत्तर– व्याकरण के निम्नलिखित तीन विभाग होते हैं –

1. वर्ण विभाग 2. शब्द विभाग 3. वाक्य विभाग

प्रश्न 6. लिपि किसे कहते हैं?

उत्तर– ध्वनियों को अंकित करने के लिए निर्धारित चिह्नों की व्यवस्था को लिपि कहते हैं।

(ख) सही कथन के सामने (✓) तथा गलत कथन के सामने (✘) का निशान लगाइए–

1. भाषा मन के भावों और विचारों को प्रकट करने का साधन है। ✓
2. भाषा के द्‌वारा हम दूसरों के भाव नहीं जान सकते। ✘
3. व्याकरण हमें भाषा को शुद्‌ध बोलना, लिखना और समझना सिखाता है। ✓
4. अनेक ध्वनियों के मेल से लिपि बनती है। ✓

2. वर्ण विचार

अभ्यास

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

प्रश्न 1. वर्ण किसे कहते हैं? हिंदी भाषा में वर्ण कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर – 'वह छोटी से छोटी मूल ध्वनि जिसके और अधिक टुकड़े नहीं किए जा सकते, वर्ण कहलाती है।

वर्ण निम्नलिखित दो प्रकार के होते हैं –

1. स्वर 2. व्यंजन

प्रश्न 2. व्यंजन किसे कहते हैं? हिंदी वर्णमाला में कितने व्यंजन होते हैं?

उत्तर– वे वर्ण जो स्वरों की सहायता से बोले जाते हैं, व्यंजन कहलाते हैं। हिंदी वर्णमाला में उनतालिस (39) व्यंजन होते हैं।

प्रश्न 3. संयुक्त व्यंजन कौन–कौन से होते हैं? संयुक्त व्यंजनों से बनने वाले दो–दो शब्द लिखिए।

उत्तर– संयुक्त व्यंजन – कुछ व्यंजन; जैसे – क्ष, त्र, ज्ञ और श्र संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं, क्योंकि ये दो–दो व्यंजनों से मिलकर बने हैं।

उदाहरण– क् + ष = क्ष (कक्षा)

त् + र = त्र (यात्रा)

प्रश्न 4. वर्णमाला किसे कहते हैं?

उत्तर – किसी भी भाषा के सभी वर्णों के व्यवस्थित एवं क्रमिक समूह को उस भाषा की वर्णमाला कहते हैं।

या

किसी भाषा के वर्णों के व्यवस्थित समूह को वर्णमाला कहते हैं।

(ख) निम्नलिखित में से स्वर चुनकर लिखिए–

त श च क ज

अ ऊ ए व इ ह

आ उ ऐ ओ ई ऋ औ

उत्तर –

स्वर
अ, आ, इ, ई, उ, ऊ,
ऋ, ए, ऐ, ओ, औ,

3. स्वरों की मात्राएँ

अभ्यास

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

प्रश्न 1. मात्रा किसे कहते हैं?

उत्तर– व्यंजनों के साथ में स्वर के जिस रूप अथवा चिह्न का प्रयोग किया जाता है, उसे मात्रा कहते हैं।

प्रश्न 2. व्यंजनों के पहले तथा बाद में कौन–कौन सी मात्राएँ लगाई जाती हैं? लिखिए।

उत्तर– **'इ'** की मात्रा सदैव व्यंजन के पहले लगाई जाती है; जैसे –

क + इ = कि

ह + इ = हि

आ, ई, ओ, तथा औ की मात्राएँ सदैव व्यंजन के बाद लगाई जाती हैं; जैसे –

थ + आ = था

क + ई = की

ल + ओ = लो

ल + औ = लौ

प्रश्न 3. व्यंजनों के नीचे तथा ऊपर लगाई जाने वाली मात्राएँ कौन–कौन सी हैं? लिखिए।

उत्तर – उ, ऊ तथा ऋ की मात्राएँ सदैव व्यंजन के नीचे लगाई जाती हैं; जैसे –

स + उ = सु

ध + ऊ = धू

क + ऊ = कू

स + ऋ = सृ

ए और ऐ की मात्राएँ सदैव व्यंजन के ऊपर लगाई जाती हैं; जैसे –

क + ए = के ट + ऐ = टै

ल + ए = ले प + ऐ = पै

(ख) नीचे व्यंजनों के साथ स्वर लिखे गए हैं। व्यंजनों के साथ इन स्वरों की मात्राएँ लगाकर लिखिए–

च + आ = चा	ल + ऊ = लू
स + इ = **सि**	ध + ओ = **धो**
र + ई = **री**	ठ + ऐ = **ठै**
म + ऋ = **मृ**	ढ + ऊ = **ढू**
ब + इ = **बि**	च + ए = **चे**

(ग) निम्नलिखित शब्दों में लगी हुई सभी मात्राओं को उनके सामने लिखिए–

चीनी	ी	कचौड़ी	ौ, ी
चिड़िया	ि	पटाखा	ा
कोयल	ो	लालटेन	ा, ं
कृषक	ृ	कुत्ता	ु, ा

4. शब्द विचार

अभ्यास

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

प्रश्न 1. शब्द किसे कहते हैं?

उत्तर– एक या एक से अधिक वर्णों से मिलकर बने सार्थक समूह को शब्द कहते हैं; जैसे– नदी, तितली, गाय, आदि।

प्रश्न 2. अर्थ की दृष्टि से शब्द को कितने भागों में बाँटा जा सकता है?

उत्तर– अर्थ की दृष्टि से शब्द को निम्नलिखित दो भागों में बाँटा जा सकता है –

1. सार्थक शब्द 2. निरर्थक शब्द

प्रश्न 3. सार्थक शब्द कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम लिखिए।

उत्तर– सार्थक शब्द निम्नलिखित दो प्रकार के होते हैं –

1. विकारी शब्द 2. अविकारी शब्द

प्रश्न 4. विकारी शब्द कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम लिखिए।

उत्तर– विकारी शब्द निम्नलिखित चार प्रकार के होते हैं –

1. संज्ञा 2. सर्वनाम 3. विशेषण 4. क्रिया

(ख) खाली स्थानों में उचित वर्ण भरकर सार्थक शब्द बनाइए–

क**म**ल	**ज**ल	बुला**या**
म**ख**मल	**बा**जा	गुला**ब**

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से विकारी तथा अविकारी शब्द छाँटकर उचित स्थान पर लिखिए–

लड़का,	अंदर,	जल्दी,	पर,	हाथी,	घोड़ा,	गाय,	लगभग,	ऊपर,
यहाँ,	बकरी,	फूल,	अथवा,	आम,	और,	इधर,	आगे।	

विकारी शब्द
लड़का, हाथी, घोड़ा गाय, बकरी, फूल, आम।

अविकारी शब्द
जल्दी, लगभग, ऊपर, यहाँ, अथवा, और, इधर, आगे, पर, अंदर।

5. संज्ञा

अभ्यास

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

प्रश्न 1. संज्ञा किसे कहते हैं?

उत्तर– जो शब्द किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, गुण और भाव इत्यादि का बोध कराते हैं, उन्हें संज्ञा कहते हैं; जैसे – कलम, मेरठ, मोहन, मिठास आदि।

प्रश्न 2. संज्ञा के कितने भेद होते हैं? प्रत्येक का नाम लिखिए।

उत्तर– संज्ञा के निम्नलिखित तीन भेद होते हैं –

1. जातिवाचक संज्ञा 2. व्यक्तिवाचक संज्ञा 3. भाववाचक संज्ञा

प्रश्न 3. किन्हीं तीन वस्तुओं के नाम लिखिए।

उत्तर– मेज, कार, पंखा।

प्रश्न 4. किन्हीं तीन भावों के नाम लिखिए।

उत्तर– प्रेम, भय, क्रोध।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटिए–

1. वह भैंस काली है।	**भैंस**
2. दही खट्टी है।	**दही**
3. हम रेलगाड़ी से आगरा जाएँगे।	**रेलगाड़ी, आगरा**
4. दशरथ अयोध्या के राजा थे।	**दशरथ, अयोध्या, राजा**
5. गरीबों पर दया करनी चाहिए।	**गरीबों, दया**

6. लिंग

अभ्यास

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

प्रश्न 1. लिंग किसे कहते हैं?

उत्तर– संज्ञा के जिस रूप से पुरूष जाति अथवा स्त्री जाति के होने का बोध होता है, उसे लिंग कहते हैं।

प्रश्न 2. लिंग के कितने भेद होते हैं? प्रत्येक का नाम लिखिए।

उत्तर– लिंग के निम्नलिखित दो भेद होते हैं –

1. पुल्लिंग 2. स्त्रीलिंग

प्रश्न 3. पुल्लिंग किसे कहते हैं?

उत्तर– जिन शब्दों से संज्ञा के पुरुष जाति होने का बोध होता है, उन्हें 'पुल्लिंग' कहते हैं; जैसे– घोड़ा, राजा, हाथी, बालक आदि।

प्रश्न 4. स्त्रीलिंग किसे कहते हैं?

उत्तर– जिन शब्दों से संज्ञा के स्त्री जाति होने का बोध होता है, उन्हें 'स्त्रीलिंग' कहते हैं; जैसे– माता, गाय, मोरनी, बालिका आदि।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में आए रंगीन शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए–

1. वह मेरी **दादी** हैं।	**वह मेरे दादा हैं।**
2. **माली** पौधों को पानी देता है।	**मालिन पौधों को पानी देती है।**
3. **ऊँट** पानी पीता है।	**ऊँटनी पानी पीती है।**
4. **लड़का** खेल रहा है।	**लड़की खेल रही है।**
5. **कुत्ता** पेड़ के नीचे बैठा है।	**कुतिया पेड़ के नीचे बैठी है।**

7. वचन

अभ्यास

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

प्रश्न 1. वचन की परिभाषा लिखिए।

उत्तर– वे शब्द जिनके द्वारा किसी व्यक्ति अथवा वस्तु की संख्या का बोध होता है, वचन कहलाते हैं।

प्रश्न 2. वचन कितने प्रकार के होते हैं।

उत्तर– वचन दो प्रकार के होते हैं –

1. एकवचन 2. बहुवचन

प्रश्न 3. एकवचन किसे कहते हैं?

उत्तर– शब्द के जिस रूप से एक संख्या का बोध होता है, उसे एकवचन कहते हैं; जैसे – लड़का, पुस्तक, वह, मैं आदि।

प्रश्न 4. बहुवचन किसे कहते हैं?

उत्तर– शब्द के जिस रूप से एक से अधिक संख्या का बोध होता है, उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे– लड़के, पुस्तकें, वे, हम आदि।

(ख) निम्नांकित चित्रों को देखकर वचन पहचानिए और चित्र के आगे एकवचन या बहुवचन लिखिए– (चित्र पुस्तक में देखें)

एकवचन	एकवचन	बहुवचन
बहुवचन	एकवचन	एकवचन

8. सर्वनाम

अभ्यास

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

प्रश्न 1. सर्वनाम किसे कहते हैं?

उत्तर– वे शब्द जो संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त किए जाते हैं, सर्वनाम कहलाते हैं; जैसे– मैं, तुम, आप, हम, वह, यह, कौन आदि।

प्रश्न 2. प्रमुख सर्वनाम शब्द कौन–कौन से हैं? उनके नाम लिखिए।

उत्तर– मैं, तुम, आप, हम, यह, कौन, वह, उसके, उसका, तुम्हारे, वे आदि।

(ख) कोष्ठकों में से उचित सर्वनाम शब्द चुनकर रिक्त स्थानों में लिखिए–

1. **मैं** वहाँ जा रहा हूँ। (तुम, मैं)
2. **उसने** भोजन नहीं किया है। (उसने, मुझे)
3. क्या **वह** मेरा घर जानता है? (वह, हम)
4. उधर **कौन** बैठा है? (क्या, कौन)
5. **वह** एक लड़की है। (वह, वे)

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में आए सर्वनाम शब्दों के नीचे रेखा खींचिए–

1. उसने तुम्हें बुलाया था।
2. तुमने आज क्या पढ़ा?
3. वह धीरे–धीरे आ रहा है।
4. आप कहेंगे, तो चलूँगा।
5. वे खेलकर आए हैं।
6. मैं खाना नहीं खाऊँगा।

9. विशेषण

अभ्यास

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

प्रश्न 1. विशेषण किसे कहते हैं?

उत्तर– जो शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता (गुण या दोष) बताते हैं, विशेषण कहलाते हैं; जैसे – काला, सुंदर, मीठा, पतला आदि।

प्रश्न 2. विशेष्य की परिभाषा लिखिए।

उत्तर– परिभाषा– जिन संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताई जाती है, उन्हें 'विशेष्य' कहते हैं;

जैसे– वीर **सैनिक** इसमें सैनिक विशेष्य है।

चार **बच्चे** इसमें बच्चे शब्द विशेष्य है।

प्रश्न 3. विशेषण संज्ञा तथा सर्वनाम शब्दों की कौन–कौन सी विशेषताएँ बताते हैं?

उत्तर– विशेषण शब्द संज्ञा और सर्वनाम शब्दों के अवस्था, रंग, गुण, दोष, तौल, आकार, स्वाद, संख्या तथा माप आदि विशेषताएँ बताते हैं।

(ख) रिक्त स्थानों में उचित विशेषण चुनकर लिखिए–

1. वह लड़का बहुत **आलसी** है। (आलसी, खट्टा)
2. पानी बहुत **ठंडा** है। (कामचोर, ठंडा)
3. रेनू **दो लीटर** दूध लाई। (दो लीटर, दस मीटर)
4. वह **ऊँचा** पेड़ है। (बुद्धिमान, ऊँचा)
5. यह **पीला** रूमाल है। (पीला, चतुर)

(ग) कॉलम 'अ' में दिए गए विशेषण शब्दों के साथ कॉलम 'ब' में दिए गए सही विशेष्य शब्द जोड़कर लिखिए–

'अ'	**'ब'**	**सही शब्द**
मोटा	चीनी	**मोटा आदमी**
काली	साड़ी	**काली भैंस**
ईमानदार	आदमी	**ईमानदार नौकर**
पीली	लड़की	**पीली साड़ी**
पाँच किलो	नौकर	**पाँच किलो चीनी**
चतुर	भैंस	**चतुर लड़की**

10. क्रिया

अभ्यास

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

प्रश्न 1. क्रिया किसे कहते हैं?

उत्तर– जिन शब्दों से किसी कार्य के करने अथवा होने का पता चलता है, उन्हें क्रिया कहते हैं; जैसे – चलना, पढ़ना, खाना, उठना आदि।

प्रश्न 2. क्या क्रिया के बिना कोई वाक्य पूरा हो सकता है?

उत्तर– क्रिया के बिना कोई वाक्य पूरा नहीं हो सकता।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द को चुनकर वाक्य के सामने लिखिए–

1. वर्षा हो रही है। **हो रही है।**

2. चीता तेज दौड़ता है। **दौड़ता है।**
3. राम कल दिल्ली जाएगा। **जाएगा।**
4. मैं क्रिकेट खेल रहा हूँ। **खेल रहा हूँ।**
5. लड़का नाचता है। **नाचता है।**

(ग) निम्नांकित चित्रों को देखकर बताइए कि कौन क्या कर रहा है– (चित्र पुस्तक में देखें)

गुब्बारे **उड़ रहे हैं।** बिल्ली **दौड़ रही है।**
चिड़िया **डाल पर बैठी है।** डाकिया **पत्र बाँट रहा है।**

11. शुद्ध वर्तनी

अभ्यास

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

प्रश्न 1. वर्तनी किसे कहते हैं?

उत्तर– शब्द के लिखित रूप को उसकी वर्तनी कहते हैं।

प्रश्न 2. शब्द किससे मिलकर बनता है?

उत्तर– शब्द अनेक वर्णों से मिलकर बनता है।

प्रश्न 3. शब्द कैसे बनाए जाते हैं?

उत्तर– अलग–अलग वर्णों को जोड़कर ही शब्द बनाए जाते हैं।

(ख) शब्द की सही वर्तनी पर गोला बनाइए–

स्कुल	(स्कूल)	इस्कूल
(परीक्षा)	परिक्षा	परिक्शा
(शांति)	सांति	शांती
मीठाई	(मिठाई)	मिठाइ
आर्शीवाद	आशिर्वाद	(आशीर्वाद)
अग्या	(आज्ञा)	आग्या
गाहक	(ग्राहक)	गृाहक

(ग) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए–

कवी	**कवि**	आर्दश	**आदर्श**
प्रशन	**प्रश्न**	कल्यान	**कल्याण**
श्रीमति	**श्रीमती**	भुमि	**भूमि**
द्रश्य	**दृश्य**	होस	**होश**
परनाम	**प्रणाम**	आवश्य	**अवश्य**
अवाज	**आवाज**	रिषि	**ऋषि**

12. पर्यायवाची शब्द

अभ्यास

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

प्रश्न 1. पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं?

उत्तर– एक समान अर्थ देने वाले शब्दों को पर्यायवाची शब्द कहते हैं।

प्रश्न 2. पर्यायवाची शब्द को और किस अन्य नाम से पुकारते हैं?

उत्तर– पर्यायवाची शब्द को समानार्थी शब्द के नाम से पुकारते हैं।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में आए रंगीन शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–

1.	चाँद **रात** को निकलता है।	**निशा**	**रजनी**
2.	रमेश मेरा **मित्र** है।	**दोस्त**	**सखा**
3.	राम अयोध्या के **राजा** थे।	**नृप**	**नरेश**
4.	बाग में अनेक सुंदर **फूल** हैं।	**सुमन**	**कुसुम**
5.	**गंगा** भारत की एक पवित्र नदी है।	**देवनदी**	**भागीरथी**

13. विलोम शब्द

अभ्यास

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

प्रश्न 1. विलोम शब्द किसे कहते हैं?

उत्तर– वे शब्द जो एक-दूसरे का उलटा या विपरीत अर्थ प्रकट करते हैं, विलोम शब्द कहलाते हैं; जैसे– शुभ का उलटा शब्द अशुभ और अशुभ का उलटा शब्द शुभ है।

प्रश्न 2. विलोम शब्द को और किस अन्य नाम से पुकारते हैं?

उत्तर– विलोम शब्द को विपरीतार्थक शब्द के नाम से पुकारते हैं।

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द छाँटिए और इनके सामने लिखिए–

सुख	**दुख**	(अच्छा, दुख, ईमानदार)
इधर	**उधर**	(ऊपर, नीचे, उधर)
झूठ	**सच**	(सच, बराबर, अधिक)
दिन	**रात**	(रात, दोपहर, शाम)

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में आए रंगीन शब्दों के विलोम शब्द रिक्त स्थानों में लिखिए–

1. सुरेश **छोटा** है और मुकेश **बड़ा** है।
2. **राजा** महल में रहता है और **रंक** झोपड़ी में रहता है।
3. यह प्रश्न **सरल** है किंतु वह **कठिन** है।
4. वह घर के **अंदर** बैठा है और मैं **बाहर** हूँ।

14. मुहावरे

अभ्यास

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

प्रश्न 1. मुहावरे का क्या अर्थ है?

उत्तर– किसी वाक्य का वह भाग, जो कोई विशेष अर्थ प्रकट करता हो, मुहावरा कहलाता है।

प्रश्न 2. मुहावरों का प्रयोग क्यों किया जाता है?

उत्तर– मुहावरों का प्रयोग इसलिए किया जाता है क्योंकि यह भाषा को प्रभावशाली व सुंदर बना देता है।

प्रश्न 3. मुहावरों का प्रयोग किस प्रकार किया जाता है?

उत्तर– मुहावरों का प्रयोग वाक्यों के बीच में ही किया जाता है, स्वतंत्र रूप से इनका प्रयोग नहीं किया जाता।

(ख) निम्नलिखित अर्थों को उचित मुहावरों के सामने लिखिए–

बहुत प्यारा	भाग जाना	धोखेबाज	हराना	सहारा लेना

छक्के छुड़ाना	**हराना**
हाथ पकड़ना	**सहारा लेना**
आँख का तारा	**बहुत प्यारा**
चार सौ बीस	**धोखेबाज**
नौ दो ग्यारह होना	**भाग जाना**

(ग) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिए तथा वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

1. बाएँ हाथ का खेल **आसान कार्य**

   वाक्य प्रयोग–परीक्षा में प्रथम आना मेरे बाएँ हाथ का खेल है।

2. आँखें दिखाना **गुस्से से देखना**

   वाक्य प्रयोग–मैंने कुछ नहीं किया। आप बेकार ही मुझे आँखें दिखा रहे हैं।

3. नानी याद आना **कष्ट महसूस होना**

   वाक्य प्रयोग–जब सुन्दर को कमाना पड़ा तो उसे नानी याद आ गई।

4. कान भरना **चुगली करना**

   वाक्य प्रयोग–मंथरा ने भरत को राजा बनाने के लिए कैकेयी के कान भरे।

5. लट्टू होना **मुग्ध होना**

   वाक्य प्रयोग–निशा का बनाया चित्र देखकर सब लट्टू हो गए।

15. पत्र एवं प्रार्थना–पत्र लेखन

अभ्यास

1. बीमारी के कारण अवकाश लेने के लिए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना–पत्र लिखिए।

उत्तर– सेवा में,

प्रधानाचार्य जी,

बाल शिक्षा निकेतन,

सहारनपुर।

महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि मुझे कल रात से बुखार है। डॉक्टर ने मुझे घर पर रहकर आराम करने की सलाह दी है। इसलिए मैं विद्यालय में उपस्थित होने में असमर्थ हूँ। कृपया आप मुझे दो दिन का अवकाश प्रदान करने की कृपा करें।

धन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी शिष्य

मनीष गुप्ता

कक्षा–1 'अ'

दिनांक.....

2. अपने मित्र को अपने जन्मदिन पर बुलाने के लिए निमन्त्रण–पत्र लिखिए।

उत्तर– 230, करोल बाग,

नई दिल्ली।

6 फरवरी 20.....

प्रिय मित्र राहुल,

सस्नेह नमस्ते।

तुम्हें यह जानकर प्रसन्नता होगी कि 25 फरवरी को मेरा जन्मदिन है। इस शुभ अवसर पर मैं तुम्हें निमन्त्रण पत्र भेज रहा हूँ। इस अवसर पर मेरे पिताजी प्रीतिभोज का आयोजन कर रहे हैं। तुम्हें मेरे जन्मदिन पर जरूर आना है। शाम ठीक पाँच बजे आ जाना। अपने साथ अपने छोटे भैया को भी लेकर आना । मैं तुम्हारी प्रतीक्षा करूँगा।

तुम्हारा प्रिय मित्र

अंकित शर्मा

16. कहानी लेखन

अभ्यास

निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर कहानी पूरी कीजिए– (बिंदुओं को पुस्तक से देखें)

उत्तर–

बिल्ली के गले में घंटी

एक बिल्ली थी। वह रोज एक चूहा खा जाती थी। इससे सभी चूहे बहुत परेशान थे। बिल्ली के डर से चूहों में आपस में खलबली मच गई। बिल्ली से बचने के लिए चूहों ने सभा बुलाई और बिल्ली से छुटकारा पाने का उपाय सोचने लगे। सभी चूहों ने अपना-अपना सुझाव दिया । उसमें से एक बूढ़ा चूहा उठा और उसने सुझाव दिया कि हमें बिल्ली के गले में घंटी बाँध देनी चाहिए। जब बिल्ली आएगी तो हमें पता चल जाएगा। उसमें से एक चूहे ने पूछा–लेकिन घंटी कौन बाँधेगा? अगर हम घंटी बाँधने जाएँगे तो बिल्ली हमें खा जाएगी। चूहे इस तरह से बात कर ही रहे थे कि तभी बिल्ली आई। सभी चूहे डर से भाग गए।

17. निबंध लेखन

अभ्यास

नीचे दिए गए चित्र के आधार पर निबंध लिखिए– (चित्र पुस्तक में देखें)

उत्तर–

होली का त्योहार

1. यह त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है।
2. इस त्योहार पर होलिका-दहन किया जाता है।
3. होली को रंगों का त्योहार भी कहते हैं।
4. इस दिन रंग खेला जाता है।
5. लोग एक-दूसरे पर रंग डालते हैं, गुलाल लगाते हैं।
6. लोग आपस में गले मिलते हैं और गीत गाते हैं।
7. होलिका दहन के दिन लोग बाजार से मिठाईयाँ लाते हैं।
8. इस दिन घरों में मिष्ठान और पकवान भी बनाये जाते हैं।
9. यह त्योहार सभी लोगों के लिए आनन्ददायक होता है।
10. होली का त्योहार मौज-मस्ती का त्योहार है। इस दिन बच्चे गली-गली में शोर मचाते हैं।

होली है भाई होली है,

रंग-बिरंगी होली है।